जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

02 मार्च 2023

प्रेस विज्ञप्ति

**G20 इवेंट: जामिया में सर्कुलर इकोनॉमी और रिसोर्स एफिशिएंसी पर एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन**

फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर एंड एकिस्टिक्स, जामिया मिल्लिया  इस्लामिया द्वारा फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, जेएमआई के सहयोग से 27 फरवरी, 2023 को इंजीनियरिंग फैकल्टी ऑडिटोरियम, में "सर्कुलर इकोनॉमी एंड रिसोर्स एफिशिएंसी" पर एक एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया।

प्रो. मिनी थॉमस और प्रो. हिना जिया ने विशेषज्ञ डॉ. सौविक भट्टाचार्य, एसोसिएट डायरेक्टर, टेरी (द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट), नई दिल्ली के प्रमुख थिंक-टैंक का स्वागत किया। प्रो. मिनी थॉमस ने दैनिक जीवन के उदाहरण देते हुए छात्रों को भारतीयों के ट्रेडिशनल फ्रूगल नेचर और इसे जारी रखने की आवश्यकता पर कुछ उदाहरण दिए। प्रो हिना जिया ने उपभोग और जीवन शैली के लीनियर मॉडल से सर्कुलर एप्रोच की ओर बढ़ने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

डॉ. सौविक भट्टाचार्य ने श्रोताओं के लिए एक बहुत ही आकर्षक व्याख्यान दिया, जिसमें वास्तुकला, योजना, डिजाइन, सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और पर्यावरण विज्ञान के लगभग 150 छात्र शामिल थे। उन्होंने जोर देकर कहा कि सर्कुलर इकोनॉमी एक सिस्टम सॉल्यूशन फ्रेमवर्क है जो जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता लॉस, अपशिष्ट और प्रदूषण जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटता है। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों जैसे ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रिक वाहन, अपशिष्ट प्रबंधन, निर्माण आदि से उदाहरण दिए। सत्र के बाद सवाल- जवाब का एक दिलचस्प दौर चला।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया